हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार 9 मई 2026



11 कचरा पृथक्करण और प्रबंधन पर नुक्कड़ ...



12 बवानीखेड़ा के तालाब में मरी मिलीं हजारों मछलियां ...




### हर कदम पर गंदगी के 'ढेर', सफाई व्यवस्था पूर्णरूप से हुई 'फेल'

# शहर में 600 टन कूड़ा जमा, महामारी फैलने का भय, नारकीय जीवन जी रहे शहरवासी

- चार दिन से डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से टिप्पर व ट्रैक्टर ट्रॉली नहीं उठा रहे कूड़ा
- नगर पालिका कर्मचारी संघ ने 11 मई तक बढ़ाई हड़ताल, शहरवासियों की सांसें अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी



नप के बाहर नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी



वैश्य स्कूल के पास लगा गंदगी का ढेर

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को आठवें दिन में प्रवेश कर गई और साथ ही टिप्पर एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियों से शहर में डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से कूड़ा नहीं उठाने का भी चौथा दिन हैं, जिससे शहर में लगभग 600 टन कूड़ा जमा हो गया हैं, जिसके चलते शहरवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और उन्हें महामारी फैलने का भय सताने लगा हैं। कर्मचारी संघ ने हड़ताल को 11 मई तक बढ़ा दिया, जिससे अब शहर की सफाई व्यवस्था पूर्णरूप से चौपट हो गई।

उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल एक मई शुक्रवार को शुरू हुई थी और आज शुक्रवार को हड़ताल को आठवां दिन हो गया हैं। सरकार व प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर विचार नहीं करने के विरोध में कर्मचारी संघ ने शहर में डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठाने वाले टिप्पर एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पांच मई मंगलवार को बंद करवा दिया था। शहर में टिप्पर से डोर-टू-डोर व ट्रैक्टर ट्रॉलियों से कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठाने का कार्य श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को ठेके पर दिया गया हैं। श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा शहर के 31 वार्डों में 60 टिप्पर (छोटे टैम्पो) के माध्यम से डोर-टू-डोर कूड़े का उठान तथा कचरा प्वाइंटों से 12 ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से कूड़ा उठवाकर डंपिंग स्टेशन पर डलवाया जाता था। शहर में डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से एक दिन में लगभग 150 टन कूड़ा एकत्रित करके डंपिंग स्टेशन पर डाला जाता हैं, जिसके बाद शहर सुंदर दिखाई देता हैं, लेकिन अब चार दिन से डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठान पूर्णरूप से बंद हैं, जिसके चलते शहर में लगभग 600 टन कूड़ा जमा हो गया हैं, जिससे शहर की हालत नरक के समान हो गई हैं। अब शहरवासियों को समझ नहीं आ रहा कि वे सरकार एवं प्रशासन को कोसे या कर्मियों को, जिनकी वजह से हर तरफ लगे गंदगी के ढेरों से शहर नरक में परिवर्तित होता जा रहा हैं।

हड़ताल को किसान नेता मास्टर शेरसिंह, अग्निशमन विभाग के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह, शिक्षा बोर्ड से जयप्रकाश, सत्यवीर स्वामी व जोगेंद्र आदि ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। हड़ताल एवं धरने में संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव, जयहिंद पहलवान, अमित, शिवकुमार, सुरेश, बाला, मनीषा, द्रोपदी, सीमा, सुनीता, शेरसिंह, विशेष, राहुल बिट्टू व रमेश आदि मौजूद रहे। सरकार एवं प्रशासन की कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनने एवं हड़ताल खत्म होने के बाद दो दिन बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था पटरी आने में लगेंगे। प्रतिदिन 60 टिप्पर व 12 ट्रैक्टर ट्रॉलियां कचरा प्वाइंटों से लगभग 150 टन कूड़ा एकत्रित कर डंपिंग स्टेशन पर डालते हैं, तब जाकर शहर कुछ सुंदर दिखाई देता हैं और अब तो चार दिन में लगभग 600 टन कूड़ा शहर में जमा हैं, जो पहाड़ के समान हैं। जिसे उठाने में कम से कम दो दिन तो जरूर लग जाएंगे।

**प्रतिदिन 60 टिप्पर व 12 ट्रैक्टर ट्रॉलियां कचरा प्वाइंटों से लगभग 150 टन कूड़ा एकत्रित कर डंपिंग स्टेशन पर डालते हैं**

### गंदगी को देख हो रहा गर्मी में सर्दी का अहसास

नपा कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों की हड़ताल एक मई को शुरू हुई थी, जो अब 11 मई तक बढ़ चुकी है। अब शहर में हर तरफ कूड़े के ढेर ही ढेर नजर आने लगे हैं, जिन्हें देख शहरवासियों को बुखार होने लगा हैं और उन्हें गर्मी में सर्दी का अहसास हो रहा हैं कि आखिर कब हड़ताल खत्म होगी और कब शहर की सफाई व्यवस्था सुधरेगी।

### जल्द सकारात्मक निर्णय की उम्मीद

कर्मचारियों की मांगों का मामला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में हैं, उम्मीद हैं कि मुख्यमंत्री जल्द सकारात्मक निर्णय लेंगे, जिससे कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होगी और बिगड़ी शहर की सफाई व्यवस्था पुन: बहाल होगी।

-**भवानी प्रताप सिंह**, चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद भिवानी

### ठेका प्रथा बंद करने के नाम पर एचकेआरएन थौंपी : दानव

नपा कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा ठेका प्रथा खत्म करने के नाम पर सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) लोगों पर थौंप दी हैं, जिसे तुरंत प्रभाव से भंग कर नियमित भर्ती होनी चाहिए। दानव ने बताया कि नियमित भर्ती होने तक सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार हो तथा बढ़ती जनसंख्या एवं शहरों के विस्तार अनुसार नए पदों का सृजन कर पक्की भर्ती की जानी चाहिए, जिससे युवावर्ग को लाभ मिले और उन्हें शोषण न झेलना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन ने आठ दिन से कर्मचारियों की मांगों पर कोई मंथन नहीं किया हैं, जिससे कर्मचारी वर्ग में रोष व्याप्त हैं।

## गांव सुरपरा खुर्द में युवक ने लगाई फांसी, मामला दर्ज

**बहल।** बहल थाना क्षेत्र के गांव सुरपरा खुर्द में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पत्नी ने सास-ससुर, ननद, नंदोई और रिश्तेदार पर मानसिक प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

- युवक की पत्नी ने सास-ससुर, ननद, नंदोई और रिश्तेदार पर लगाए गंभीर आरोप

जानकारी के अनुसार गांव सुरपुरा खुर्द निवासी प्रमिला पत्नी सोनू सिहाग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति सोनू सिहाग से परिवार के लोग लंबे समय से जमीन-जायदाद को लेकर विवाद कर रहे थे जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि परिजनों द्वारा परिवार के लोग बार बार उसे जमीन नहीं देने की धमकी देते थे। प्रमिला का आरोप है कि परिवार द्वारा मिली प्रताड़ना से तंग होकर ही उसके पति ने फांसी लगाकर जान दी है। महिला ने आरोप लगाया कि घटना के बाद उसे और उसके परिवार को सूचना तक नहीं दी गई। उस समय वह अपने पीहर कलाली गई हुई थी। जबकि, घटना के बाद से आरोपित उसे और उसके तीन वर्षीय बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। मामले की सूचना मिलने पर बहल थाना पुलिस व सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक सोनू सिहाग के शव को लोहारू के सीएचसी में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया। पुलिस ने प्रमिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हाथ से मैला ढोने वालों से मुक्त घोषित किया जिला : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद/डीआरडीए दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जिला भिवानी में वर्ष 2024-25 के दौरान हाथ से मैला ढोने वालों की पहचान के लिए व्यापक सर्वेक्षण कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान जिले में हाथ से मैला ढोने का कोई भी मामला सामने नहीं आया, जिसके आधार पर जिला भिवानी को हाथ से मैला ढोने वालों से मुक्त जिला घोषित किया गया है। एडीसी करवा ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति मैनुअल स्कैवेंजर अर्थात हाथ से मैला ढोने की गतिविधि में संलिप्त है, तो वह पंजीकरण करा सकता है।

## अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवाओं को नि:शुल्क दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के वंचित एवं बेरोजगार युवाओं के लिए केंद्र सरकार के अधीन केंद्रीय पैट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), मुरथल, जिला सोनीपत द्वारा प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी क्षेत्र में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा उत्तीर्ण अनुसूचित जाति वर्ग के इच्छुक युवाओं को 3 माह की अवधि के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें सहायक मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग (200 सीट), सहायक मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग (80 सीट), सहायक ऑपरेटर प्लास्टिक एक्सट्रूजन (80 सीट) तथा सहायक मशीन ऑपरेटर ब्लो मोल्डिंग (80 सीट) शामिल हैं।

- सहायक मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग 200 सीट और सहायक मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग 80 सीट शामिल हैं

जिला कल्याण अधिकारी देवेन्द्र ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों के लिए संस्थान में ही निःशुल्क आवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कॉपी, किताबें एवं स्टेशनरी भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता का कम से कम दसवीं पास होना आवश्यक है तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए मार्कशीट, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।



**तोशाम।** किरावड़ में जनगणना के कार्य का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अधिकारी ने किरावड़ में जनगणना कार्य का किया औचक निरीक्षण

**तोशाम।** चार्ज जनगणना अधिकारी एवं उप तहसीलदार तोशाम अशोक कुमार ने शुक्रवार को किरावड़ गांव का औचक निरीक्षण कर जनगणना कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एचएलबी नंबर 203 और 209 का निरीक्षण करते हुए वहां आ रही समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बताई गई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उप तहसीलदार अशोक कुमार ने संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा में तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्व निभाने चाहिए। इस अवसर पर संजय, मंजीत तथा सुपरवाइजर रेखा रानी भी उपस्थित रहीं।

### नालियों के ऊपर कर रखे पक्के निर्माण

# अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को दिया पांच दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बाढ़ड़ा



- लोकनिर्माण विभाग ने 29 अप्रैल को दुकानदारों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए जारी किया था नोटिस

कस्बे की मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लोकनिर्माण विभाग ने अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। विभाग ने सड़क किनारे अवैध कब्जा किए बैठे दुकानदारों को अपना सामान और अवैध निर्माण हटाने के लिए पांच दिन का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। साथ ही अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम के माध्यम से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

लोकनिर्माण विभाग ने गत 29 अप्रैल को दुकानदारों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का नोटिस जारी किया था, जिसकी अवधि पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद कई स्थानों पर अतिक्रमण बना हुआ है। दुकानदारों ने नालियों के ऊपर पक्के निर्माण कर रखे हैं और सड़कों तक सामान फैलाने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग अनुसार कस्बे के सतनाली रोड, जुई रोड और क्रांतिकारी चौक सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ दिलबाग सिंह ने बताया कि सड़कों को चौड़ा, सुरक्षित और सुगम बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विभाग दुकानदारों को पहले ही सात दिन का समय दे चुका है और अब एसडीएम कार्यालय को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के लिए पत्र भेज दिया है। विभाग ने दुकानदारों से अपील की कि वे तय समय सीमा के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटा लें, ताकि आर्थिक नुकसान न हो।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 12 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 12 मई को सुबह नौ बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन, वेल्डर व कारपेंटर से पास एवं अध्ययन कर रहे लड़के-लड़कियां भाग ले सकते हैं।

आईटीआई के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में एशियन आटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, यूनो मिंडा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड फरुखनगर गुरुग्राम, इग्नू इंडिया प्राइवेट प्रोडक्शन लिमिटेड बावल रेवाड़ी के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगे। आईटीआई पास छात्र-छात्राएं, जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष तक हो, वे इसमें भाग ले सकते हैं। वर्ग अनुदेशक वीरेंद्र कुमार ने छात्रों से रोजगार मेले में हिस्सा लेकर लाभ उठाने की अपील की है।






# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



हॉलीवुड मसाला



## मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




## फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



## आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



## अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

टीवी मसाला




## गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



## पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा, 'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज' और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।



## जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'



### गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।

**खबर संक्षेप**

## आशियाना मिलने तक रहेगा आंदोलन जारी

**भिवानी।** बवानीखेड़ा में पीड़ितों के मकान तुड़वाने का मामला और गरमा गया। शुक्रवार को अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने बवानीखेड़ा पहुंचकर पीड़ितों के आंसू पोंछे। साथ ही सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पीड़ितों को न्याय मिलने तक उनके साथ धरने पर डटे रहने का ऐलान कर दिया। इस दौरान पीड़ित परिवार की तरफ से आंदोलन को स्थाई रूप से चलाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जो कि आज के बाद सभी तरह के फैसले कमेटी ही लेगी। उल्लेखनीय है कि करीब चार दिन पहले बवानीखेड़ा में नपा द्वारा करीब एक आधा दर्जन लोगों के मकान को तोड़ दिया था। उसके बाद सभी लोग घरेलू सामान के साथ काबली किकर के नीचे आ गए। सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने पीड़ित परिवार के लोगों को धूप से बचाने के लिए वहां पर एक तम्बू लगा दिया,लेकिन गुरुवार को कमेटी ने उस टैंट को भी वहां से हटवा दिया।

## रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की प्रमाणित रिपोर्ट दें: डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि अधिकारी 15 जून तक सभी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम संबंधित प्रमाणित करवा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीसी गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में जल संचय जनभागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। बैठक में डीसी गुप्ता ने जिले में बारिश के पानी की संचयन प्रणालियों की स्थिति सुधारने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला वन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में स्थापित सभी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के आसपास पौधारोपण करवाया जाए ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन भी मजबूत हो सके। इसके साथ ही जिस विभाग को जितने पौधे चाहिए उनको उतनी उपलब्ध करवाएं तथा पौधों की देखरेख करना भी सुनिश्चित किया जाए।

## शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें: डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली जन शिकायतों को निपटाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतें लंबित न रखें। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग की एसीएस जी.अनुपमा ने भी वीसी के माध्यम से जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीसी श्री गुप्ता ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे अपनी ओर से किसी भी प्रकार का डाटा परिवर्तन या सुधार नहीं करेंगे। डाटा में होने वाले सभी सुधार केवल एडीसी स्तर पर ही किए जाएंगे और वहीं बदलाव क्रीड विभाग में सत्यापन के साथ अपडेट किए जाएंगे। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि डाटा करेक्शन या डाटा चेंज का अधिकार केवल एकल स्त्रोत यानी क्रीड विभाग के पास रहेगा ताकि रिकॉर्ड में पारदर्शिता बनी रहे।

### चौधरी बंसीलाल विवि के विद्यार्थियों ने किया जागरूक

# कचरा पृथक्करण और प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक किया प्रस्तुत




**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्टैंड विद नेचर संस्था के साथ संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भिवानी के ओल्ड बस स्टैंड (क्राउन प्लाज़ा) के सामने किया गया। इस दौरान विभाग के विद्यार्थी आकाश, रविशु, गुरदास, अजय, राहुल, स्वीटी, शालू, इंदु, अंतिम तथा प्रिया ने कचरा पृथक्करण एवं प्रबंधन विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से वहां पर मौजूद लोगों को कचरा पृथक्करण एवं प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं कचरे को सही तरीके से अलग करने (गीला और सूखा कचरा) के प्रति जागरूक करना था। यह नुक्कड़ नाटक स्टैंड विद नेचर के संस्थापक लोकेश भिवानी के निर्देशन तथा डॉ मूल राज की देख रेख तथा डॉ मनोज कुमार तेवतिया की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार तेवतिया, सहायक प्राध्यापक जितेंद्र कुमार, डॉ. मूल राज , विनीत सैनी तथा नगर परिषद भिवानी से स्वच्छ भारत मिशन से सनी शर्मा तथा आई.ई.सी. एक्सपर्ट गायत्री आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं

इसके साथ -साथ स्टैंड विद नेचर के स्वयंसेवी, श्री श्याम वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी और नगर परिषद भिवानी के प्रतिनिधियों ने वहां के मार्केट में डोर- टू -डोर विजिट करके गीले और सूखे कचरे को अलग अलग डस्टबिन में डालने की अपील की। नुक्कड़ नाटक को बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों तथा दुकानदारों ने देखा। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 लोगों की उपस्थिति रही। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार तेवतिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस प्रकार के सामाजिक अभियानों से स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में बल मिलेगा, शहर की रैंक मैं सुधार होगा और कचरे की रीसाइक्लिंग सुनिश्चित होगी तथा शहर की स्वच्छता में बेहतरी आएगी।

# 24 युवाओं ने किया रक्तदान

■ थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए रक्त की एक-एक बूंद कीमती : सीएमओ




**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शुक्रवार को विश्व थैलेसीमिया दिवस, रेडक्रॉस दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती पर चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट व वंशिका फाउंडेशन द्वारा लगाए शिविर में 24 युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। शिविर में मुख्यतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने पहुंचकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए रक्त की एक-एक बूंद कीमती है।

### संत निरंकारी मिशन की ब्रांच को किया सम्मानित

विश्व रेडक्रास दिवस पर संत निरंकारी मिशन की ब्रांच भिवानी को उत्कृष्ट रक्तदान सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से रेडक्रॉस के सचिव प्रदीप ने सम्मानित किया। सम्मान मिशन की ओर से भिवानी जोनल इंचार्ज बलदेवराज नागपाल ने भिवानी ब्रांच के अन्य महात्माओं के साथ मिलकर प्राप्त किया।

## पुराना कमेटी रोड पर सीवरेज व्यवस्था बदहाल

**बवानीखेड़ा।** कस्बे के पुराना कमेटी रोड क्षेत्र में इन दिनों सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। सड़क पर जगह-जगह गंदा पानी जमा होने से स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और आसपास के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग उठाई है। स्थानीय दुकानदारों में गुलशन, अजय, शंटी, जयबीर, मनीष, सुरेन्द्र आदि का कहना है कि सीवरेज लाइन कई दिनों से ओवरफ्लो हो रही है, जिसके कारण गंदा पानी दुकानों के आगे जमा हो जाता है। इससे ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत होती है। दुकानदारों, रिहायशी बस्ती के लोगों ने बताया कि बदबू और गंदगी के कारण पूरे क्षेत्र का माहौल खराब हो गया है।

## जोगीवाला मंदिर में 11 को होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**सोमनाथ मंदिर विरासत के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होगा कार्यक्रम**

सोमनाथ मंदिर विरासत के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 मई को शिव नगर कॉलोनी स्थित जोगीवाला मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान सुबह आठ बजे मूलचंद मंदिर से जोगीवाला मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। जोगीवाला मंदिर में सोमवार को सुबह 10 बजे सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में संत-महात्माओं के अलावा शहर के प्रबुद्घ लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। वहीं चंडीगढ़ मुख्यालय से भी वीसी से माध्यम से जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस, फर्स्ट एड एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता करने के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

# हेनरी डयूनेंट को अर्पित की श्रद्धांजलि

■ रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी डयूनेंट चाहते थे प्रत्येक व्यक्ति का भला : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



**तोशाम।** रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी डयूनेंट के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा संचालित आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तोशाम में शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस दौरान इंस्टिट्यूट संचालक डॉ. विष्णु दत्त शास्त्री के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी डयूनेंट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को वीडियो के माध्यम से राज्यपाल एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष असीम कुमार घोष का संदेश भी सुनाया गया। इस दौरान डॉ. विष्णु दत्त शास्त्री ने कहा कि हेनरी डयूनेंट एक स्विस व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा रेडक्रॉस के संस्थापक थे।

हेनरी डयूनेंट का जन्म सन 1828 में 8 मई को हुआ था इसलिए प्रत्येक वर्ष 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। शुक्रवार 8 मई को तोशाम के आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में विश्व रेडक्रॉस दिवस धूमधाम से मनाया गया। शास्त्री का कहना था कि रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी डयूनेंट प्रत्येक व्यक्ति की भलाई चाहते थे। उनके द्वारा स्थापित रेडक्रॉस सोसाइटी भी सामाजिक संस्था है जोकी आपदा के समय बाढ़ पीड़ित, भूकंप पीड़ित आदि लोगों की मदद करने के साथ रक्तदान आदि विभिन्न समाज सेवा के कार्यों में अहम भूमिका निभाती है।

# बसपा प्रदेशाध्यक्ष जमालपुर धरना स्थल पर पहुंचे

■ चिलचिलाती धूप में पेड़ों के नीचे रातें काट रहे मासूम, प्रशासन की क्रूरता चरम पर : कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** पीड़ितों के बीच बैठे बसपा के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

एक ओर सरकार सबको छत देने के लुभावने वादे और विज्ञापन कर रही है, वहीं दूसरी ओर कस्बा बवानीखेड़ा में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। खेड़ी अलखपुरा रोड पर पिछले 40 वर्षों से रह रहे करीब दो दर्जन गरीब परिवारों के घरों को प्रशासन ने स्थानीय विधायक की कथित मिलीभगत से जमींदोज कर दिया। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच अब ये परिवार पेड़ों की छांव के नीचे अपना सामान रखे न्याय की गुहार लगा रहे हैं। शुक्रवार को पीड़ितों की आवाज बुलंद करने के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष प्रदीप रंगा भी साथ रहे। बसपा प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने इस पूरी कार्रवाई को शर्मनाक और अमानवीय' करार देते हुए सीधे तौर पर बवानीखेड़ा के विधायक पर मिलीभगत के आरोप लगाए।

### मुआवजा दिया जाए

जमलापुर ने कहा कि ये लोग कोई अपराधी या घुसपैठिये नहीं हैं, बल्कि वो गरीब हैं जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई इन आशियानों में लगा दी थी। अगर ये मकान अवैध थे, तो 40 सालों तक प्रशासन कहाँ सोया हुआ था? तब इन्हें क्यों बनने दिया गया? आज जब ये लोग बस गए, तो उन्हें बेघर कर सडक पर फेंक दिया गया। धरने को समर्थन देते हुए बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार और प्रशासन के सामने दो टूक मांगें रखी हैं कि पीड़ित परिवारों को तुरंत रहने के लिए सुरक्षित स्थान मुहैया कराया जाए ताकि वे अपने बच्चों और पशुओं के साथ रह सकें। जिन लोगों के पक्के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें उनके नुकसान का पूरा मुआवजा दिया जाए।

# थैलेसीमिया गंभीर आनुवंशिक बीमारी: डॉ. नेहरा

■ सीएचसी गोपी में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा



**बाढ़ड़ा।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

विश्व थैलेसीमिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आशा वर्कर्स, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को थैलेसीमिया रोग की पहचान, रोकथाम और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर नीति आयोग से एबी फेलो मणिप्रकाश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. मनमीत सिंह नेहरा ने की। डॉ. नेहरा ने कहा कि थैलेसीमिया गंभीर आनुवंशिक बीमारी है, जिसकी समय पर पहचान और सही उपचार बेहद जरूरी है।

उन्होंने फील्ड में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि गांवों या स्वास्थ्य केंद्रों पर कोई बच्चा या व्यक्ति बीमारी से ग्रसित मिले तो उसे तुरंत उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर रेफर कर उचित इलाज और ब्लड ट्रांस यूजन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

### लक्षणों और बचाव की जानकारी दी

डॉ. अभिकेश और खंड विस्तार शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने थैलेसीमिया के लक्षणों और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शरीर में खून की कमी, अत्यधिक कमजोरी, पीलापन, बच्चों का शारीरिक विकास रुकना और बार-बार थकान महसूस होना इसके प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे मामलों में तुरंत जांच करवाना जरूरी है। नीति आयोग के एबी फेलो मणि प्रकाश ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि जन-जागरूकता के माध्यम से ही बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को थैलेसीमिया जैसी आनुवंशिक बीमारी के प्रति जागरूक करें।

# विधायक ने सुनीं जन समस्याएं

■ खुले दरबार में बिजली आपूर्ति और पेयजल संकट की ज्यादा शिकायते आईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** लोगों की समस्या सुनते विधायक सुनील सांगवान। *फोटो : हरिभूमि*

दादरी से भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में खुला दरबार आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और वार्डों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। विधायक ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

खुले दरबार के दौरान विधायक सुनील सांगवान ने अधिकारियों से कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए अपने-अपने विभागों की जरूरतों और लंबित विकास कार्यों की विस्तृत सूची तैयार करें, ताकि आगामी बजट में उन्हें शामिल करवाया जा सके।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

दरबार में बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत तथा पंचायत विभाग से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसेवा और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पुरानी शिकायतों का तुरंत करें निपटारा

■ हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समाधान समीक्षा में शिकायतों के निपटारे की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत और नगराधीश डॉ सुभाष चन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों की पुरानी लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। शिकायतों के स्थायी निपटारे के लिए संबंधित नागरिक से संवाद कर उन्हें विभागीय कार्यवाही की जानकारी देकर संतुष्ट करें। अधिकारी लघु सचिवालय स्थित हाल में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की वर्चुअली समाधान समीक्षा के उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर नागरिकों की समस्याओं के निदान के लिए कार्यवाही की जा रही है।

### दो दिन लग रहे समाधान शिविर

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नागरिकों की हर विभाग से संबंधित समस्या का एक छत के नीचे समयबद्ध उचित निपटारा करने के उद्देश्य से सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समाधान शिविरों की पुरानी लंबित शिकायतों का तुरंत उचित निपटारा हों। जिन विभागों की पुरानी शिकायतें लंबित है उनका निपटारा करवाएं।

**प्रदर्शन** जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रदर्शन कर शीघ्र गैस सिलेंडर देने की उठाई मांग

ग्राहकों ने आरोप लगाया कि एजेंसी के गोदाम में गैस है परतु वे ग्राहकों को नहीं दे रहे

# महम गेट एजेंसी में गैस-सिलेंडर नहीं मिलने से ग्राहकों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** महम गेट पर गैस एजेंसी के बाहर नारेबाजी करते जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

महम गेट स्थित गैस एजेन्सी के सामने गैस सिलेंडर लेने वाले ग्राहकों की लंबी लाइन लगी हुई थी, तभी एजेंसी पर गैस सिलेंडर की पर्ची बंद कर दी गई। ग्राहकों ने आरोप लगाया कि उक्त गैस एजेंसी के गोदाम में गैस आई हुई है और वे ग्राहकों ने देने के लिए इनकार कर रहे हैं। ग्राहकों ने जनसंघर्ष समिति से संपर्क कर मामले में हस्तक्षेप करने एवं ग्राहकों को न्याय दिलवाने में सहयोग करने की बात कही। इसके बाद जनसंघर्ष समिति के संयोजक एवं माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश तुरंत महम गेट पहुंचे और समिति के नेतृत्व में लोगों ने गैस एजेन्सी के खिलाफ रोष प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसी दौरान कामरेड ओमप्रकाश ने गैस एजेंसी प्रबंधक से बातचीत की और एजेन्सी पर आए ग्राहकों को सिलेंडर नहीं देने का कारण पूछा। उन्होंने बताया कि दो दिन से गैस नहीं आई ।

### 18 ग्राहकों की सूची बनाई

कामरेड ओमप्रकाश ने सभी खड़े 18 ग्राहकों की सूची बनाकर तथा उनके गैस कनेक्शन नंबर डालकर गैस प्रबंधक को दे दिए तथा उन्हें नौ मई तक सिलेन्डर हर हालत में देने का आश्वासन दिया। उन्होंने गैस एजेसी प्रबंधक को कहा कि ये लगभग सभी ग्राहक मजदूर व छोटे व्यापारी तबके से संबंध रखते हैं और इनकी पूरे दिन दिहाड़ी खराब होती है, इसलिए इनके उपर विशेष ध्यान दिया जाए। गैस प्रबन्धक के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त कर मजदूरों व महिलाओं को उनके घर भेज दिया। प्रदर्शनकारियों ने आगाह किया कि नौ मई को गैस नहीं मिली तो वे पूरा दिन एजेन्सी के कार्यालय के सामने धरना देने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन में अनूप कोंटिया, मनोज कुमार, वजीर सिंह, धर्मपाल, कुनाल, जयसिंह, प्रवीन, नरेंद्र, अमित, सावित्री, सुमेर सिंह, कर्णसिंह, उषा रानी, ओमबीर सिंह आदि शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## शिविर में 46 युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर शुक्रवार को जिला रेडक्रॉस भवन में प्रेरणादायक कार्यक्रम हुआ। उपायुक्त एवं भिवानी रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के जागरूक नागरिकों को एक मंच पर एकत्रित किया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने शिरकत की। रेडक्रॉस सोसाइटी ने चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्तकोष के सहयोग से आयोजित शिविर में 46 युवाओं ने रक्तदान किया।

## खटीक समाज के दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बने समीर

**भिवानी।** अखिल भारतीय खटीक समाज में एक बार फिर नेतृत्व की कमान समीर खटीक के हाथों में सौंपी गई है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने उनके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और समाज के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए समीर खटीक को दूसरी बार हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष समीर खटीक ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुंशीराम पाल, प्रधान राष्ट्रीय महासचिव अनिल सोनकर शास्त्री सहि तशीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिस भरोसे के साथ उन्हें यह दायित्व मिला है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर समीर खटीक ने समाज के भविष्य की रूपरेखा साझा की।

## पुलिस ने अभियान चला किया जागरूक

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम भिवानी के कर्मचारी विष्णु ने अपनी टीम के साथ आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिवानी मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लिंक, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग फ्रॉड तथा फर्जी निवेश योजनाओं जैसी साइबर ठगी से बचाव के तरीकों के बारे में बताया। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड अथवा निजी जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें।

# बवानीखेड़ा के तालाब में मरी मिलीं हजारों मछलियां दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना हो गया दूभर

### लोगों ने नपा प्रशासन से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में पार्वती मंदिर के पास स्थित तालाब में अज्ञात बीमारी के चलते हजारों की संख्या में मछलियां मर गई। जो कि मरने के बाद पानी की उपर सतह पर तैरने लगी। उपर आने के बाद मछलियां सड़ने लगी है। जिस वजह से लोगों का जीना दूभर हो गया है। इस बारे में लोगों ने नपा प्रशासन से शिकायत की,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई,जिस वजह से क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका बन गई है। चूंकि उक्त तालाब में पिछले तीन से चार दिनों से मछलियां मर रही है और तालाब में सड़ने लगी है।

**पिछले तीन-चार दिनों से मछलियां मर रही हैं और अब तालाब से सड़ांध भी आने लगी**

**लोगों ने बताया कि तालाब की लंबे समय से ठीक प्रकार से सफाई नहीं की गई**



बवानीखेड़ा। पार्वती मंदिर के पास स्थित तालाब में मरी पड़ी मछलियां।

### बीमारियां फैलने का डर

स्थानीय निवासियों में हनुमान पारासर, सोमबीर, गोपाल, मनोज, राजेन्द्र आदि ने प्रशासन से तुरंत सफाई करवाने और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। जानकारी देते हुए लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों से तालाब के पानी में मृत मछलियां दिखाई दे रही हैं। धीरे-धीरे उनकी संख्या बढ़ती गई, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं, आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बदबू इतनी ज्यादा है कि वहां कुछ देर खड़ा रहना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने बताया कि तालाब की लंबे समय से ठीक प्रकार से सफाई नहीं हुई है। पानी में गंदगी और प्रदूषण बढ़ने के कारण मछलियों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कुछ लोगों ने कहा कि यदि जल्द सफाई नहीं हुई तो यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। गर्मी के मौसम में बदबू और गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी प्रशासन से तालाब की सफाई करवाने की मांग की। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल के पास इस प्रकार की गंदगी होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नागरिकों ने कहा कि तालाब की नियमित देखरेख और साफ-सफाई जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। क्षेत्र के लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को मामले की देने की बात कही और लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही तालाब से मृत मछलियों को हटाकर सफाई कार्य कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को बदबू व गंदगी से राहत मिल सके।

### जोहड़ की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया : अत्री

दूसरी तरफ इस बारे नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में पहुंचा और जोहड़ की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया ताकि आमजन को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। एक दो दिनों में तालाब में जितनी भी मछलियां मरी है। उन सभी को वहां से निकलवा दिया जाएगा। ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

### वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय में मातृ दिवस मनाया

# मातृशक्ति का सम्मान ही राष्ट्र का असली उत्थान : शिव रतन गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय में 'मातृत्व दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह में भावनाओं और प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी व शिक्षा प्रेमी शिव रतन गुप्ता रहे, जिन्होंने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उनके साथ विद्यालय के महासचिव डॉ. पवन बुवानीवाला और प्रधानाचार्य डॉ. करतार सिंह जाखड़ ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि शिव रतन गुप्ता ने कहा कि माँ ईश्वर का वह रूप है, जो हर पल हमारे साथ रहता है। मातृत्व दिवस हमें माँ के प्रेम और समर्पण का सम्मान करना सिखाता है। माँ की दुआएँ जीवन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं।"

उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों में संस्कार रोपित करने के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। महासचिव डॉ. पवन बुवानीवाला ने दोहराया कि माँ ही बालक की प्रथम गुरु है और उनका सम्मान हमारी संस्कृति का मूल है। समारोह के दौरान माताओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली माताओं और बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सबसे रोमांचक पल वह था जब माताओं ने बच्चों के साथ रैंप वॉक किया।

उनके आत्मविश्वास और ममता भरे सामंजस्य को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली माताओं को 'बेस्ट मदर' के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में एक विशेष फोटो सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों और माताओं ने समूह फोटो खिंचवाकर इस यादगार दिन को सुनहरी यादों में संजो लिया।



भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी।




भिवानी। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए।

### माता अभिभावकों को बैज पहनाकर सम्मानित किया

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी में प्राचार्या डॉ निर्मला नीतू की अध्यक्षता में 'मदर्स - डे' एवं 'वर्ल्ड रेड क्रॉस डे' उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना - सभा का आयोजन किया गया एवं कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के माता अभिभावकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अभिभावक माताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। इस अवसर पर राजबाला ने मुख्य अतिथि और सरोज शर्मा व कमला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विशेष प्रार्थना - सभा का संचालन कक्षा छठी की छात्राओं भव्या व नव्या के द्वारा किया गया। मान्या और रिद्धिमा ने मातृ- दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कक्षा दसवीं की छात्रा रितिका ने 'वर्ल्ड रेड क्रॉस - डे' पर अपने विचारों से सभी को अवगत करवाया ,वहीं कक्षा सातवीं की छात्रा भव्या व दिव्या ने मातृशक्ति पर अपनी कविता प्रस्तुत कर प्रार्थना - सभा को अभिभूत कर दिया। कक्षा दसवीं की छात्रा कनिका ने नृत्य प्रस्तुति के द्वारा मातृ -प्रेम को अभिव्यक्त किया। कक्षा आठवीं की छात्राओं जियाना और जैस्मिन ने नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से मातृ - प्रेम की अनुभूतियों को प्रदर्शित किया । कक्षा आठवीं के सभी विद्यार्थियों ने 'वर्ल्ड रेड क्रॉस- डे' पर प्रेरक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों को मंत्र - मुग्ध कर दिया। कक्षा चौथी एवं पांचवीं की सभी छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को अभिभूत कर दिया। 'मदर्स - डे' के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पधारीं (कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के विद्यार्थियों की) माता अभिभावकों को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी माता-अभिभावकों ने प्रसन्नतापूर्वक रैंप - वॉक की। एकल नृत्य में रिचा शर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया, वहीं ' डांस विद चाइल्ड' परफॉर्मेंस में प्रव्या और रीत की माता अभिभावकों ने पुरस्कार प्राप्त किए। रंजू शर्मा ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर पुरस्कार प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सभी माता - अभिभावकों व अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई और उन्हें आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू ने पधारे हुए मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि, अभिभावकों व समस्त स्टाफ को मातृ दिवस के उपलक्ष में बधाई दी और सभी का आभार व्यक्त किया।




### मां त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति: बलराज फौगाट

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में मातृदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा मां बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है। वह अपने-आप में एक सम्पूर्ण पाठशाला है, जहां बच्चा जीवन जीने का प्रत्येक सही तरीका सीखता है। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने अपने कहा मां त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति है। माँ की ममता शिशु के लिए अभेद्य सुरक्षा कवच का काम करती है। एक अबोध बालक को सभ्य नागरिक बनाने में माँ का योगदान अतुलनीय होता है।



### वर्धमान मॉडल हाई स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**चरखी दादरी।** वर्धमान मॉडल हाई स्कूल में प्रथम से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियो के लिए विविध और रोचक गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन कर बड़े उत्साह और उमंग के साथ मातृ दिवस मनाया। छोटे- छोटे- छोट बच्चों ने बहुत सुंदर कार्ड बनाए और उनमें उनमें लिखे जाने वाले शब्द तो अनमोल थे। यह माताओं द्वारा दिए जाने वाले प्रेम और समर्थन के प्रति हार्दिक भाव थे। नन्हे मुन्ने विद्यार्थीयो ने कविता व भाषण के माध्यम मातृत्व की शक्ति व गहराई को समझा। छात्राओं ने फोटो कोलाज की मदद से अपनी माताओ के जुझारू स्वभाव, अटूट प्रेम और अविचल उपस्थिति को सम्मान दिया।



### मां का प्यार नाटक ने सभी को किया भावुक

**बवानीखेड़ा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मातृ दिवस मनाया। विद्यालय परिसर मातृ शक्ति के सम्मान एवं बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से भावविभोर दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता को व्यक्त किया। हरियाणवी नाटक "मां का प्यार" ने सभी को भावुक कर दिया, वहीं कक्षा दसवीं के छात्र मोहित ने अपने भाषण के माध्यम से मां के अद्भुत प्रेम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्या सोनिका छांगड़ा ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रथम गुरु होती है।

### पूर्व प्राचार्य ने पिता की स्मृति में स्कूल लाइब्रेरी के लिए भेंट किया एक लाख रुपये का सामान

**भिवानी।** पूर्व प्राचार्य रमेश बूरा ने अपने पिता स्व. कामरेड होशियार सिंह की 89वीं जयंती पर जिला के गांव प्रेमनगर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में लाईब्रेरी के लिए एक लाख रूपये का सामान भेंट किया। इस मौके पर शुक्रवार को एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे। समारोह की अध्यक्षता युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने की। हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन के भिवानी जिला अध्यक्ष राज सिंह घणघस ने बतौर सह अध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि शिक्षा के लिए किया गया दान महादान है। उन्होंने स्व. कामरेड होशियार सिंह के चित्र पर फूल भेंट कर दीप प्रज्ज्वलित करके श्रद्धांजलि दी।




लोहारू। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

### अभिभावक अपने अधूरे सपने बच्चों पर न थोंपे योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर दें

**लोहारू।** दिशा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में वार्षिकोत्सव पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। जबकि एसडीएम मनोज दलाल, नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशल के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, सोमबीर भगत और लोहारू व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। शिक्षा बोर्ड के चेयमरैन डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में तकनीकी शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को संस्कारों की शिक्षा की अधिक जरूरत है। विद्यार्थियों को होनहार ही नही संस्कारवान होना जरूरी है। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि एक गुरु का मार्ग दर्शन विद्यार्थी को उन्नति के शिखर पर ले जाता है। इस लिए विद्यार्थियों में गुरू के प्रति सम्मान सबसे अधिक जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने अधूरे सपने बच्चों पर थोपें नहीं बल्कि बच्चे की योग्यता को ध्यान में रखकर उसे आगे बढने का अवसर दें।

### चित्रकला प्रतियोगिता में टीआईटी के शांतनु व वैश्व मॉडल के मनन प्रथम

**पीएमश्री कन्या स्कूल में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**

**भिवानी।** राजकीय पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगर परिषद द्वारा स्वच्छ हरियाणा भारत मिशन के तहत नई सोच नया शहर की थीम को लेकर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता करवाई। प्रतियोगिता जिला नगर आयुक्त हरबीर सिंह के मार्गदर्शन हुई, जिसमें भिवानी के सातों ब्लॉकों के कक्षा 6 से 12वीं तक के 151 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्यतिथि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ऋषभ रंजन रहे तथा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ रहे। इस मौके स्वच्छ भारत मिशन नगर परिषद भिवानी के जिला इंचार्ज सन्नी शर्मा, आईईसी भिवानी गायित्री व प्रवक्ता प्रवेश गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या सुशीला कुमारी ने की। कार्यक्रम में सातों ब्लॉकों के 45 स्कूलों ने भाग लिया। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से नगर को कैसे स्वच्छ रखा जाए तथा प्लास्टिक उन्मूलन व गीले-सूखे कचरे को कैसे रखा जाए एवं कैसे उपयोग किया जाए पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्यतिथि ऋषभ रंजन ने कहा कि 1 से 16 मई तक नई सोच नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी वार्डों, स्कूल कॉलेज व मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालयों में स्वच्छता विषय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाकर बच्चों को बचपन से ही स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ व जिला इंचार्ज सन्नी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस प्रकार अपने घर में साफ सफाई रखते हैं।



### बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता करवाई

**बवानीखेड़ा।** बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मातृ दिवस, गुरुदेव रविंद्रनाथ ठाकुर जयंती एवं महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह एवं कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक ने रविंद्र नाथ ठाकुर एवं महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया। इस अवसर पर गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं पर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कक्षा चतुर्थ एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने मातृ दिवस पर नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। छात्र साहब एवं नूर ने कविता और भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए।

### विद्यार्थियों ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में कविताएं सुनाईं

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में मदर्स डे धूमधाम से। विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में सुंदर कविताएं एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। साथ ही मां के सम्मान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। प्रिंसिपल नीतीश मिश्र ने कहा कि बच्चों को अपनी मां को खुश रखने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा जीवन में एक अच्छा मुकाम हासिल करना चाहिए। मुख्य अतिथि आनंद यादव ने कहा कि मां के बिना घर सूना लगता है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### लिटिल हार्टस में मातृ दिवस मनाया

# मानव श्रृंखला से बनाई मां की आकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लिटिल हार्टस ग्रुप के सभी विद्यालयों में शुक्रवार को मदर्स-डे पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि लिटिल हार्टस ग्रुप के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मातृ-दिवस मनाया। लिटिल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में लगभग 500 विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों के निर्देशन में मां के नाम की मानव श्रृंखला बनाकर बड़े ही खास अंदाज में मातृ-दिवस मनाया और मां के महत्व एवं ममता पर प्रकाश डाला। लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर में नर्सरी से यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया व विभिन्न प्रकार के गेम्स व स्टेज गतिविधियां आयोजित की, जिसमें सभी माताओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों के हाथों से उनकी माताओं को टोकन ऑफ लव के रूप में फलावर-पोट्स वितरित कर सम्मानित किया।



भिवानी। मातृ दिवस पर मां की आकृति में बैठे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### मां पर सुनाईं कविताएं

विद्यालय की बारहवी कक्षा की कला संकाय की ज्योति व आठवी के पारस व रजत ने मातृ-दिवस से संबंधित बहुत ही आकर्षक व भाव विभोर कर देने वाली कविता व स्पीच प्रस्तुत की, जिसे सुनकर पुरा सदन तालियों से गूंज उठा। लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल हालुवास गेट भिवानी में छठी व सातवी कक्षा के विद्यार्थियों ने मां के प्रति आदर व सम्मान से ओत-प्रोत समूह नृत्य, गीत, कविताएं व नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।




भिवानी। पुस्तक का विमोचन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### शिक्षा मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग की निर्देशिका डॉ.प्रोमिला सुहाग द्वारा लिखित आठवीं पुस्तक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (मानवीय संसाधन प्रबंध) का विमोचन हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा किया गया। विमोचन अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से सेवानिवृत्त प्रो राजकुमार,उद्योगपति राजेश जैन,सरपंच रणदीप आर्य, एवं वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग की निर्देशिका डॉ.प्रोमिला सुहाग उपस्थित रहे।इस अवसर पर अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पुस्तक से हमें जो शिक्षा और ज्ञान प्राप्त होता है, वह बेजोड़ है, लेकिन विद्यार्थियों की मांग के अनुरूप पुस्तक उपलब्ध कराके शिक्षा प्रणाली को थोड़ा आधुनिक बनाने में डॉ प्रोमिला सुहाग ने अपना जो योगदान दिया है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार की गई ये पाठ्य पुस्तकें विश्वविद्यालय की शिक्षा संबंधी नीतियों को पूरा कर रही है ।